# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, अलीराजपुर (म0प्र0)

फारेस्ट केम्पस, खण्डवा बडौदा रोड़, अलीराजपुर–457887

Tel & Fax No. 07394-234530 E-mail : dfot.alp@mp.gov.in


क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 2509 दिनांक : 09.09.22

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
सतपुड़ा भवन, भोपाल

विषय :– अलीराजपुर जिलें में ए.डी.बी. योजना के अन्तर्गत भाभरा–उदयगढ़ मार्ग के उन्नयन / चौडीकरण हेतु 2.77 हेक्टेयर वनभूमि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, धार को उपयोग पर देने बाबत।

संदर्भः– 1) भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्र क्रमांक / 6-MPB 021/2022-BHO दिनांक 26.07.2022।
2) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ–5 / 1141 / 2022 / 10–11 / 2666 दिनांक 29.07.2022।
3) उपवनमण्डलाधिकारी भाभरा का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 1191 दि. 31.08.22।

—— ☆ ——

उपरोक्त विषय मे निवेदन है कि उपवनमण्डलाधिकारी भाभरा के प्रतिवेदन अनुसार आवेदक विभाग मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड जिला धार द्वारा भाभरा–उदयगढ़ मार्ग योजना अन्तर्गत वनभूमि में 500 मीटर लंबाई निर्माण कार्य किया जा चुका हैं। जिस संबंध आवेदक विभाग के मैनेजर श्री दिनेश पाटीदार एवं उनकी निर्माण एजेन्सी श्री जी इन्फ्रा के अधिकारी श्री एस. एस. पाण्डे द्वारा वनमण्डल कार्यालय में उपस्थित होकर यह बताया गया कि उक्त मार्ग निर्माण कार्य राजस्व विभाग की भूमि पर किया गया है, जिसकी अनुमति राजस्व विभाग से ली गई है। मौके पर उक्त मार्ग निर्माण में वन / राजस्व सीमा विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिसके निराकरण हेतु राजस्व विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त जॉच हेतु संबंधित अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित किया गया है।

अतः राजस्व विभाग / वन विभाग के संयुक्त मौका स्थल निरीक्षण के पश्चात यदि आवेदक विभाग द्वारा वनभूमि पर अवैध मार्ग निर्माण कार्य किया गया है तो नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाकर प्रतिवेदन पृथक से प्रस्तुत किया जावेगा।

**वनमण्डलाधिकारी**
**वनमण्डल अलीराजपुर**

पृ0 क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 2510 दिनांक : 09.09.22

प्रतिलिपि :

1. मुख्य वन संरक्षक इन्दौर वृत्त इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**वनमण्डलाधिकारी**
**वनमण्डल अलीराजपुर**

D:\Letter 2022.doc

**कार्यालय उप वन मण्डल अधिकारी, चन्द्रशेखर आजाद नगर, (भाभरा) जिला अलीराजपुर (म.प्र.)**

ईमेल – **sdoftbhabra@mp.gov.in** कार्यालय दुरभाष कमांक – 07393271471 मोबाईल नम्बर 9424792427

पत्र क्रं/मा.चि./2022/1191 च.शे.आ. नगर दिनांक31/8/2022

प्रति,

वन मण्डल अधिकारी,

वन मण्डल अलीराजपुर।

विषयः– अलीराजपुर जिल में ए.डी.बी. योजना के अन्तर्गत भाभरा – उदयगढ़ मार्ग के उन्नयन/चौड़ीकरण हेतु 2.77 हेक्टेयर वन भूमि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, धार को उपयोग पर देने बाबत्।

संदर्भः– वन मण्डल कार्यालय अलीराजपुर का पत्र कमांक/मा.चि./2022/2413 दिनांक 29.08.2022।

———:★:———

विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र मे निवेदन है कि अलीराजपुर जिल में ए.डी.बी. योजना के अन्तर्गत भाभरा – उदयगढ़ मार्ग के उन्नयन/ चौड़ीकरण हेतु 2.77 हेक्टेयर प्रकरण में भारत सरकार के संदर्भित पत्र मे उल्लेखित बिन्दु की जानकारी इस कार्यालय से चाही गई है। मौका स्थल का राजस्व विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण करने पर पटवारी द्वारा हल्का नम्बर 12 का मानचित्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें पटवारी द्वारा रोड़ व अन्य आस – पास के क्षेत्र को हल्का नम्बर 12 के अनुसार सर्वे नम्बर 52, 126, 128, 132, 133, 134, 136, 141, 144, 145, 154, 155, राजस्व भूमि मे बताया गया है एवं बीट सियाली के मानचित्र अनुसार कक्ष कमांक – P 84 में संबंधित क्षेत्र होना बताया गया है, जिसमें लगभग 500 मीटर मार्ग पर निर्माण कार्य किया गया है। उक्त क्षेत्र का निरीक्षण वन मण्डल अधिकारी महोदय, अलीराजपुर एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता च.शे.आ. नगर द्वारा दिनांक 23.08.2022 को किया गया, उनके द्वारा संबंधित क्षेत्र की जॉच के उपरान्त ही कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मौका स्थल पर निर्माण कार्य किस क्षेत्र में हुआ है कि पुष्टि करने हेतु वर्तमान में जॉच प्रचलित है। M.P.R.D.C. द्वारा यह रोड़ वन क्षेत्र में बिना अनुमति के कार्य करने का उल्लंघन वास्तव मे किया गया है कि नही का निर्धारण जॉच उपरान्त ही किया जा सकता है। जब तक जॉच पूर्ण न हो तब तक संबंधित फर्म को रोड़ निर्माण की अनुमति प्रदान ना की जावे।

अतः पालन प्रतिवेदन आपकी और आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

**संलग्न :– संयुक्त पंचनामा, पटवारी मानचित्र, बीट का मानचित्र,**

**मौका पंचनामा की छायाप्रति।**

31/VIII/022

(मंगलसिंह चौहान)

**(रा.व.से.)**

अपर

वनमण्डलाधिकारी एवं

पदेन उप वन मण्डल अधिकारी

चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाभरा)

मा० चि०

31/8/22